# कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव
## "ई-निविदा सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 617/9-9-2012-160ज/2011 दिनांक 05-04-2012 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 (01 अगस्त 2024 से 31 मार्च 2025 तक) की अवधि के लिये निकाय में स्थित सात वाहन पड़ाव अड्डों के संचालन हेतु ठेके के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। सम्बन्धित निविदा प्रपत्र एवं शर्तें http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर किया जायेगा। पड़ाव अड्डों का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | पड़ाव अड्डे का नाम | अनुमानित न्यूनतम निर्धारित धनराशि (रू0 में) | जमानत धनराशि (रू0 में) | कुल निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | रामा गेस्ट हाउस के पीछे स्थित बस, जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पडाव अड्डा (पुरवा, मौरावॉ, नवाबगंज,लखनऊ की ओर आने-जाने वाली सवारी गाड़िया) | 9,36,576.00 | 93,657.00 | रू0 1032 + 186 = 1218 |
| 2 | कब्बा खेडा के पास स्थित जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पडाव अड्डा (सण्डीला, चकलवंशी, बॉगरमऊ की ओर आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां) | 3,39,424.00 | 33,942.00 | रू0 374 + 68 = 442 |
| 3 | गदन खेड़ा में सार्वजनिक शौचालय के पास स्थित बस, जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पडाव अड्डा (अचलगंज, बीघापुर इत्यादि की आरे आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां) | 10,12,000.00 | 1,01,200.00 | रू0 1114 + 200 = 1314 |
| 4 | मो0 शेखपुर में सरकारी शीतगृह की भूमि के पास की भूमि पर स्थित बस, जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पडाव अड्डा (कानपुर सरोसी की ओर आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां) | 5,72,000.00 | 57,200.00 | रू0 630 + 114 = 744 |
| 5 | दशमेष गेस्ट हाउस के पास स्थित बस, जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पडाव अड्डा (मा0 कांशीराम कालोनी की ओर आने-जाने वाली मार्ग की सवारी गाड़ियां) | 1,15,659.00 | 11,565.00 | रू0 128 + 24 = 152 |
| 6 | छतुरियां कुंआ तिराहे के पास स्थित बस, जीप, टैम्पो व ई-रिक्शा पड़ाव अड्डा (भूरी मंदिर तिराहा होते हुए पडरी-नेवरना की ओर आने-जाने वाली मार्ग की सवारी गाड़ियां) | 1,08,741.00 | 10,874.00 | रू0 120 + 22 = 142 |
| 7 | चांदमारी स्थित पानी की टंकी के पास पड़ाव अड्डा (हरदोई संडीला की ओर आने-जाने वाली मार्ग की सवारी गाड़ियां) | 1,42,685.00 | 14,268.00 | रू0 157 + 29 = 186 |

**मुख्य शर्ते :-**

01 निविदा की शर्ते आनलाइन उपलब्ध है जो http://www.etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-प्राक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन व डाउनलोड की तिथि | 23-07-2024 |
| 2 | ई-प्राक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 29-07-2024 सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | ई-प्राक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 30-07-2024 प्रातः 11:00 बजे से |
| 4 | ई-प्राक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी बिड खुलने के उपरान्त |
| 5 | ई-निविदा खोलने का स्थान | नगर पालिका परिषद उन्नाव। |

क्रमश : पेज 02 पर

Scanned with OKEN Scanner

02. विस्तृत विवरण व शर्ते http://www.etender.up.nic.in पर एवं पालिका की वेबसाइट http://unnaonpp.in एवं नगर पालिका परिषद, उन्नाव में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

03. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अधिकारी
O/c नगर पालिका परिषद उन्नाव।

अध्यक्ष
O/c नगर पालिका परिषद उन्नाव।

पत्रांक : 1299 /कर वि0/2024–25/1717

दिनांक : 23.7.24

प्रतिलिपि :

01– जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02– अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय महोदय, उन्नाव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
03– सिटी मजिस्ट्रेट महोदय, उन्नाव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
04– कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
05– कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
06– कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
07– सम्पादक, दैनिक आज व स्वतंत्र भारत ------------------------------------------------ को इस आशय से प्रेषित कि आगामी अंक में निर्धारित सरकारी दरों पर कम से कम स्थान में एक बार प्रकाशित कर समाचार–पत्र की चार प्रतियों सहित बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

अधिशासी अधिकारी
O/c नगर पालिका परिषद उन्नाव।
23/7

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव

## पड़ाव ठेके की नियम व शर्तें

## वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अगस्त 2024 से 31 मार्च 2025) तक

01 निविदा की शर्तें आनलाइन उपलब्ध है जो http://www.etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड की जायेगी।

02 विस्तृत विवरण हेतु http://www.etender.up.nic.in को खोले व निविदा डाउनलोड करें।

03 निविदा की शर्तें आनलाइन उपलब्ध है जो http://www.etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड की जायेगी एवं नगर पालिका परिषद, उन्नाव मे किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन व डाउनलोड की तिथि | 23–07–2024 |
| 2 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 29–07–2024 सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 30–07–2024 प्रातः 11:00 बजे से |
| 4 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी बिड खुलने के उपरान्त |
| 5 | ई–निविदा खोलने का स्थान | नगर पालिका परिषद उन्नाव। |

04 ऑनलाइन निविदा डाले जाने हेतु निविदादाता के पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अर्थारिटी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट का होना तथा उक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

05 निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र आनलाइन निविदा भरते समय पोर्टल पर अपालोड किया जाना आवश्यक है :–

(क) जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र।

(ख) निवास प्रमाण पत्र।

(ग) रू0 बीस लाख या उससे अधिक की हैसियत का प्रमाण पत्र।

(घ) ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अनुभवी स्थानीय फर्म/ठेकेदार द्वारा निविदा भरते समय कम से कम छः माह का अनुभव प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

(ड.) पैन कार्ड एवं अद्यतन ITR

(ड.) प्रत्येक बिड्स के साथ निविदादाता को सभी सूचनायें/प्रपत्र की सत्यता के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र

(च) बिड सिक्योरिटी अनमुन्य निर्धारित धरोहर धनराशि की जमा पुष्टि रसीद की स्कैन कॉपी।

(छ) निविदादाता को नगर पालिका परिषद, उन्नाव का डिफाल्टर (यथा गृहकर/जलकर/जलमूल्य एवं अन्य मद का बकाया धनराशि का जमा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा) नहीं होना चाहिए, का प्रमाण पत्र।

06. निविदादाता थ्री व्हीलर, टैम्पो, आटो रिक्शा, जीप, ई–रिक्शा, बस, मिनी बस आदि वाहनों को बैरियर लगाकर धनराशि वसूल नहीं करेगा। निजी एवं राजकीय वाहन पड़ाव शुल्क से मुक्त रहेंगे।

07. निविदा में भाग लेने वाले जिन व्यक्तियों के नाम निविदा स्वीकृति होगी, उसकी 50 प्रतिशत धनराशि पालिका कोष में तुरन्त जमा करना होगा तथा 50 प्रतिशत धनराशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा। यदि निविदादाता द्वारा धनराशि एकमुश्त जमा की जाती है, तो धरोहर धनराशि को उक्त स्वीकृत धनराशि में समायोजित किया जा सकता है। ऐसा न करने पर धरोहर धनराशि अन्त में समायोजित की जायेगी।

08. पड़ाव अड्डे की ई–निविदा वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अगस्त 2024 से 31 मार्च 2025) तक के लिये स्वीकृत/कार्यादेश निर्गत करने की तिथि से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिये की जा रही है।

09. जिस व्यक्ति के नाम निविदा स्वीकृत होगा, उसे निर्धारित स्टाम्प पेपर पर नगर पालिका परिषद उन्नाव में 15 दिवस के भीतर अनुबन्ध कराना होगा। स्टाम्प पेपर ठेकेदार द्वारा दिया जायेगा तथा अनुबन्ध पत्र पर होने वाला सम्पूर्ण व्यय ठेकेदार को वहन करना होगा। निर्धारित अवधि में अनुबन्ध न होने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है तथा जमानत राशि जब्त करते हुये पुनः ई–निविदा की कार्यवाही की जायेगी।

10 निविदा की अन्तिम उच्चतम धनराशि अधिशासी अधिकारी की संस्तुति पर स्वीकार करने या न करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उन्नाव को सुरक्षित रहेगा।

11 निविदादाता को वसूली हेतु 'कूपन रसीद' की व्यवस्था स्वयं करनी होगी, किन्तु रसीदों का सत्यापन नगर पालिका परिषद उन्नाव से कराना होगा तथा पड़ाव स्थल पर वसूली करने के लिये नियुक्त कर्मचारी को नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा निर्गत परिचय पत्र रखना आवश्यक होगा।

12 निविदादाता को पालिका की उपविधि में निर्धारित दरों के अनुसार ही वसूली करनी होगी यथा बस रू0 50/– प्रतिदिन प्रति गाड़ी, मिनी बस–मैजिक–वैगन, टैक्सी–कार–जीप रू0 40/– प्रतिदिन प्रति गाड़ी, थ्री व्हीलर (विक्रम टैम्पो) रू0 30/– प्रतिदिन प्रति गाड़ी एवं आटो रिक्शा, ई–रिक्शा रू0 20/– प्रतिदिन प्रति गाड़ी देय होगा। उल्लंघन पर जॉचोपरान्त नियमानुसार स्वीकृत निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

13. वाहन निर्धारित स्थान/पड़ाव अड्डे से संचालित हो, इसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। निविदादाता को पड़ाव अड्डे पर वाहन वसूली की निर्धारित दरों (रेट बोर्ड) की सूची स्वयं के व्यय पर लगानी अनिवार्य होगी।

क्रमशः पेज 02 पर

Scanned with OKEN Scanner

14 नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत अधिसूचित अन्य पडाव अड्डों में से किसी एक स्थान पर उस तिथि में वाहन शुल्क अदा कर दिया गया हो, तो अन्य पडाव अड्डे पर उसी दिन पुनः वाहन शुल्क देय नहीं होगा। शर्त यह होगी कि वाहन चालक या वाहन मालिक के पास वाहन शुल्क की रसीद मौजूद रहे माँगे जाने पर रसीद दिखायें।

15 निविदा स्वीकृति के उपरान्त पडाव स्थल पर वसूली के दौरान यातायात को व्यवस्थित रखने का पूर्ण दायित्व सम्बन्धित निविदादाता का होगा।

16 आवश्यकता एवं परिस्थितियो के अनुसार उपरोक्त शर्तो में किसी भी शर्त को शिथिल करने अथवा कोई नई शर्त जोड़ने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका मे निहित होगा।

17 उपरोक्त स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से निविदादाता द्वारा वसूली नहीं की जायेगी तथा स्थान परिवर्तन का अधिकार विशेष परिस्थितियों में नगर पालिका परिषद उन्नाव को सुरक्षित रहेगा।

18 सर्वोच्च निविदादाता ई–निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदा की धनराशि निर्धारित समय से पालिका में जमा नहीं करता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त करते हुए पालिका को द्वितीय निविदादाता की धनराशि स्वीकार करने अथवा अपने कर्मचारियों या पुनः निविदा को करने से जो नुकसान होगा, उस धन की वसूली भू–राजस्व के रूप मे सर्वोच्च निविदादाता से की जायेगी तथा सम्बन्धित निविदादाता/पार्टनर/ फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा।

19 नियम विरुद्ध वसूली एवं पालिका की शर्तो का उल्लघंन किये जाने की दशा में स्वीकृत निविदा निरस्त कर दिया जायेगा, इस प्रकार निविदा निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बोर्ड को होगा।

विधिक विवाद का क्षेत्राधिकार दीवानी न्यायालय उन्नाव में निहित होगा।

20 निविदादाता द्वारा अवैध वसूली की शिकायत किये जाने पर यदि निविदा निरस्त होता है, तो उसका सम्पूर्ण उत्तदायित्व निविदादाता का होगा।

21 पालिका द्वारा प्रत्येक पार्किंग स्थल की वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु प्रस्तावित आगणन–धनराशि को दृष्टिगत रखते हुए उच्चतम बोलीदाता को स्वीकृत पार्किंग पर आवश्यक नागरिक सुविधायें यथा – टीनशेड, पेयजल, शौचालय इत्यादि सुविधायें जो भी अपूर्ण होंगी, अपने स्वयं के व्यय पर उपलब्ध करानी होगी, जिसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त निविदादाता की स्वीकृति धनराशि की अन्तिम किश्त में समायोजन किया जायेगा।

22 पार्किंग स्थलों पर की गयी उक्त आवश्यक सुविधाओं का सत्यापन अवर अभियन्ता सिविल/जल/मार्ग प्रकाश प्रकाश प्रभारी से आख्या प्राप्त होने पर समायोजन की कार्यवाही की जा सकेगी।

23 एक माह में पेयजल, टीन शेड, शौचालय, बेन्च की व्यवस्था जो भी अपूर्ण होगी सम्बन्धित निविदादाता द्वारा नगर पालिका के आगणन के अनुरूप अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद, उन्नाव की देखरेख में पूर्ण किया जाये।

24 सम्बन्धित निविदादाता द्वारा उपनिबंधन विभाग द्वारा स्टाम्प अधिनियम के सुसंगत नियमो के अनुरूप अनुबन्ध की कार्यवाही की जायेगी।

25 सम्बन्धित निविदादाता द्वारा नागरिक सुविधाओं के निर्माण कार्य आदि में जो धनराशि व्यय होगी वह जांच तकनीकी टीम द्वारा जांचोपरान्त स्वीकृति धनराशि की अन्तिम किश्त मे समायोजन कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

26 सम्बन्धित निविदादाता शासन प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पार्किंग लिपिक<br>नगर पालिका परिषद<br>उन्नाव। | रा0 निरी0<br>नगर पालिका<br>परिषद उन्नाव। | पा0प्र0/<br>कर अधी0<br>नगर पालिका<br>परिषद उन्नाव। | कर निर्धा0<br>अधिकारी<br>नगर पालिका<br>परिषद उन्नाव। | अधिशासी<br>अधिकारी<br>नगर पालिका<br>परिषद उन्नाव। | अध्यक्ष<br>नगर पालिका परिषद<br>उन्नाव। |

हस्ताक्षर बोलीदाता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव

पत्रांकः— 1310/कर वि0/2024—25/1729 दिनांकः— 24.7.2024

## सूचना

इस कार्यालय के पत्र सं0 1299/कर वि0/2024—25/1717 दिनांक 23—07—2024 द्वारा निकाय में स्थित सात पड़ाव अड्डों के संचालन हेतु ई—निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त ई—निविदा में कालम नं0 05 में अंकित निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद उन्नाव के खाता सं0 3355000101355913, IFSC Code PUNB0335500 पंजाब नैशनल बैंक हाकिम टोला (मुख्य शाखा) उन्नाव में चालान फार्म/आर0टी0जी0एस0/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा। तथा कालम नं0 04 में अंकित जमानत धनराशि जो निविदा के साथ ई0पी0वी0जी0, एफ0डी0आर0, एन0एस0सी0/टेजरी चालान इत्यादि के माध्यम से जमा की जायेगी, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव के नाम बंधक होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**

प्रतिलिपि :

1) जिलाधिकारी महोदय उन्नाव को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2) अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय महोदय, उन्नाव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3) कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव के नोटिस बार्ड व वेबसाइट पर चस्पा हेतु।
4) सम्पादक आप व आप (उन्नाव) ........ सरकारी दरों पर कम से कम स्थान पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**

Scanned with OKEN Scanner